रेफ़िजिरेटरों तथा वाटर कूलरों का उत्पादन लगभग 21 प्रतिशत बढ़ा है।

(ख) वर्ष 1974-75 तथा 1975-76 में रेफ़िजिरेटरों (सभी साइज़ों के) तथा वाटर-कूलरों का उत्पादन निम्नलिखित है :—

| | रफ़िजिरेटर (सभी साइज़ों के) | वाटर कूलर |
|---|---|---|
| | नग | नग |
| 1974-75 | 1,06,874 | 5046 |
| 1975-76 | 93,160 | 6699 |

### टेलीविजन सेटों का उत्पादन

1517. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :** क्या इलेक्ट्रानिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) उत्पादन शुल्क में घोषित की गई कमी के बाद टेलीविजन सेटों के उत्पादन में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है; और

(ख) वर्ष 1974-75 और 1975-76 के उत्पादन आंकड़े क्या हैं?

**प्रधान मंत्री, योजना मंत्री, परमाणु ऊर्जा मंत्री, इलेक्ट्रानिक्स मंत्री तथा अन्तरिक्ष मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) उत्पादन शुल्क में की गयी कमी का उल्लेख 15 मार्च, 1976 को घोषित वर्ष 1976-77 के केन्द्रीय बजट में किया गया था। अप्रैल और मई में हुए दूरदर्शन सेटों के उत्पादन के संबंध में दूरदर्शन निर्माताओं से जो विवरण प्राप्त हुआ है, उससे यह पता चलता है कि इस अवधि में हुआ उत्पादन जनवरी से मार्च, 1976 के बीच हुए उत्पादन की तुलना में 75 प्रतिशत अधिक है।

(ख)

| | | |
|---|---|---|
| 1974-75 | . | 74,000 सेट |
| 1975-76 | . | 87,150 सेट |

### सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों में नियुक्त केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल

1518. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल के कितने जवान रखे गये हैं; और

(ख) उन पर प्रतिवर्ष कितनी राशि खर्च होती है?

**गृह मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन)** : (क) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल की कुल संख्या 21734 है जिसे 87 विभागीय तथा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में तैनात किया जाता है।

(ख) 1975-76 के दौरान इस दल पर 10,36,76,530.00 रुपये की धन राशि खर्च की गई।

### समाचार-पत्रों की प्रकाशन संख्या

1519. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में सभी समाचार पत्रों की प्रकाशन संख्या में भारी कमी हुई है;

(ख) क्या इसको देखते हुए उनको मिलने वाला आयातित अखबारी कागज का कोटा कम कर दिया गया है और यदि हां, तो कितने प्रतिशत ; और

(ग) क्या सरकार ने ऐसे आदेश जारी किये हैं अथवा कोई योजना बनाई है जिसके अन्तर्गत सभी समाचारपत्रों की प्रकाशन संख्या की जाच की जा सकती है और यदि हा, तो यह जाच-कार्य कब से शुरू हो जायेगा ।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री धर्मवीर सिंह) . (क) और (ख). लाइसेंस वर्ष 1976-77 के लिए अखबारी कागज के आवंटन के लिए अब तक प्राप्त आवेदनपत्रों के अनुसार, समाचारपत्रों की प्रसार संख्या में वृद्धि हुई है। 1976-77 के लिए अखबारी कागज सम्बंधी नीति में भी समाचार-पत्रों के लिए 5 प्रतिशत अतिरिक्त कोटे की व्यवस्था है ।

(ग) प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के खंड 19च के अन्तर्गत समाचार-पत्रों के रजिस्ट्रार को प्रसार संख्या की जाच करने का अधिकार पहले ही प्राप्त है और यह काम नियमित रूप से हो रहा है।

### मध्य प्रदेश में कुछ समाचार-पत्रों को दिये गये अखबारी कागज के कोटे की मात्रा

1520. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्वालियर, उज्जैन, भोपाल, झांसी तथा शहडोल से प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्रों की प्रसारण संख्या काफी बढा-चढ़ा कर दिखायी गई है जब कि इनकी वास्तविक प्रकाशन संख्या काफी कम है और यदि हां, तो इस समय इनकी प्रकाशन संख्या क्या है ; और

(ख) क्या इन समाचार-पत्रों को दिया जाने वाला अखबारी कागज का कोटा बहुत बड़ी मात्रा में काला बाजार में बेचा जाता है और क्या सरकार का विचार ऐसे सभी मामलों की जांच कराने का है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री धर्मवीर सिंह) : (क) ग्वालियर और झांसी में जिन 35 समाचारपत्रों की जांच की गई, उनमें से तीन समाचारपत्रों के बारे में प्रसार संख्या आंकी गई संख्या से अधिक पाई गई थी । इन तीनों समाचारपत्रों में से किसी ने भी 1975-76 में अखबारी कागज के कोटे के लिए आवेदन नहीं किया। उज्जैन, भोपाल और शहडोल नगरों में समाचारपत्रों की प्रसार संख्या की जाच शीघ्र ही की जानी है।

(ख ) काला बाजारी का कोई विशिष्ट आरोप प्राप्त नहीं हुआ है।

### Continuance of Satellite Instructional Television Experiment

1521. SHRI RAJDEO SINGH: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether the Indian Space Research Organisation (ISRO) proposes to continue the Satellite Instructional Television Experiment (SITE) even after the expiry of the contract with U.S.A. for the Applications Technology Satellite (ATS) until the country's own national satellite is ready;

(b) if so, whether after the expiry of the contract on the 31st July, 1976 a fresh contract has been signed with U.S.A. for extending the period of the contract till our satellite is ready; and

(c) if not, the proposal of ISRO to continue the experiment?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND